मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-64
27/01/2026

# मुख्यमंत्री ने समृद्धि यात्रा के दौरान मधुबनी जिले को दी बड़ी सौगात, 391 करोड़ रुपये की लागत से 395 योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास

- मुख्यमंत्री ने जिले में चल रही विभिन्न विकासात्मक योजनाओं का लिया जायजा, अधिकारियों को दिए निर्देश

पटना, 27 जनवरी 2026 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज समृद्धि यात्रा के क्रम में मधुबनी जिले में विभिन्न विकासात्मक योजनाओं का जायजा लिया। जायजा के क्रम में मुख्यमंत्री ने मधुबनी जिला अंतर्गत झंझारपुर प्रखंड के ग्राम पंचायत अररिया संग्राम स्थित मिथिला हाट फेज–II (रिवर फंट डेवलपमेंट) का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने प्रगति यात्रा के दौरान घोषित विकासात्मक योजनाओं के प्रगति एवं अद्यतन स्थिति की अधिकारियों से जानकारी ली। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि झंझारपुर अंचल अंतर्गत मिथिला हाट के विस्तारीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्य, मधुबनी में अंतर्राज्यीय बस अड्डे का निर्माण कार्य, जय नगर शहीद चौक के पास आर०ओ०बी० का निमार्ण कार्य, मधुबनी शहर के लिए रिंग रोड निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसके अतिरिक्त मधुबनी जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग–27 के समीप लौकही प्रखंड में बनगामा गांव के समीप लगभग 450 एकड़ जमीन में औद्योगिक क्षेत्र का विकास किया जाएगा। मधुबनी जिला अंतर्गत झंझारपुर अंचल के मौजा– लोहना में लगभग 250 एकड़ जमीन औद्योगिक केंद्र के स्थापना का कार्य, मां सीता एवं प्रभु श्रीराम के प्रथम मिलन स्थल (फुलहर स्थान) को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का कार्य प्रारंभ हो चुका है और तेजी से आगे बढ़ रहा है।

निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का कार्य बेहतर ढंग से निर्धारित समय सीमा के अंदर पूर्ण कराएं। इस सभी कामों के पूरा हो जाने से न सिर्फ लोगों को सुविधा मिलेगी बल्कि इस क्षेत्र का भी काफी विकास होगा।

मुख्यमंत्री ने अररिया संग्राम स्थित पंचायत सरकार भवन का जायजा लिया तथा वहां लोगों को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं की जानकारी ली। जायजा के क्रम में मुख्यमंत्री ने ग्राम न्यायालय, ग्राम सभा कक्ष, पंचायत ज्ञान केंद्र (पुस्तकालय) का जायजा लिया। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि इस पंचायत ज्ञान केंद्र में अररिया संग्राम तथा आसपास के बच्चे आकर पढ़ाई करते हैं।

मुख्यमंत्री ने अररिया संग्राम स्थित नवनिर्मित 'जीविका भवन' का फीता काटकर लोकार्पण किया एवं जीविका भवन की चाबी जीविका दीदियों को प्रदान किया। लोकार्पण के पश्चात् नवनिर्मित जीविका भवन के समक्ष जीविका दीदियों द्वारा लगाए गए स्टॉल का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 26312 स्वयं सहायता समूह को बैंक लिंकेज के माध्यम से 301 करोड़ रुपये का सांकेतिक चेक तथा सतत् जीविकोपार्जन योजना के अंतर्गत 507 लाभार्थियों को 2 करोड़ 53 लाख रुपये का सांकेतिक चेक लाभार्थियों को प्रदान किया। ग्राम पंचायत अररिया संग्राम के वार्ड संख्या–13 में दुर्गा मंदिर के निकट स्थित

पोखर के सौंदर्यीकरण कार्य का मुख्यमंत्री ने जायजा लिया। जायजा के क्रम में मुख्यमंत्री ने पोखर में मछली का जीरा छोड़ा।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इस तालाब के चारों तरफ सीढ़ीनुमा घाट का निर्माण कराएं। इस तालाब का अच्छे ढंग से सौंदर्यीकरण का कार्य कराया गया है लेकिन इसके दो तरफ ही सीढ़ी घाट का निर्माण किया गया है। चारों तरफ सीढ़ीनुमा घाट बन जाने से लोगों को छठ पूजा आदि में सहुलियत होगी।

मुख्यमंत्री ने अररिया संग्राम स्थित कार्यक्रम स्थल के समीप विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया। अवलोकन के क्रम में मुख्यमंत्री ने दिव्यांगजनों को बैटरी चालित ट्राइ साइकिल की चाबी, मुख्यमंत्री अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना, बिहार राज्य प्रवासीय मजदूर दुर्घटना अनुदान योजना, बिहार शताब्दी असंगठित कार्य क्षेत्र कामगार एवं शिल्पकार सामाजिक सुरक्षा (संशोधन) योजना, देशी गौपालन प्रोत्साहन योजना आदि का सांकेतिक चेक, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, आयुष्मान कार्ड, मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना के तहत वाहन की चाबी लाभुकों को प्रदान किया।

मुख्यमंत्री ने रिमोट के माध्यम से मधुबनी जिला अंतर्गत 391 करोड़ रुपये की लागत से कुल 395 योजनाओं का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 93 करोड़ रुपये की लागत से 294 योजनाओं का उद्घाटन तथा 298 करोड़ रुपये की लागत से 101 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है।

जिला प्रशासन द्वारा मुख्यमंत्री को पुष्प–गुच्छ भेंटकर अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह सांसद श्री संजय कुमार झा, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री सह मधुबनी जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती लेशी सिंह, पर्यटन श्री अरुण शंकर प्रसाद, सांसद श्री रामप्रीत मंडल, विधायक श्री नीतीश मिश्रा, विधायक श्रीमती शीला कुमारी, विधायक श्री सतीश कुमार साह, विधायक श्रीमती मीना कुमारी, विधायक श्री माधव आनंद, विधान पार्षद श्रीमती अंबिका गुलाब यादव, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत, पुलिस महानिदेशक श्री विनय कुमार, जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव श्री संतोष कमार मल्ल, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, पंचायती राज विभाग के सचिव श्री मनोज कुमार, बुडको के प्रबंध निदेशक श्री अनिमेष पराशर, पर्यटन विभाग के सचिव श्री निलेश रामचंद्र देवरे, बिहार राज्य पथ विकास निगम के प्रबंध निदेशक श्री शीर्षत कपिल अशोक, दरभंगा प्रमंडल के आयुक्त श्री हिमांशु कुमार राय, दरभंगा प्रक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक श्री मनोज कुमार तिवारी, जिलाधिकारी श्री आनंद शर्मा, पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे।

******